पत्रांक –1/प्रा0आ0/2015 (खण्ड)/ ......617....../आ0प्र0 (मु० स० को०)

बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेषक,

ब्रजेश मेहरोत्रा,
मुख्य सचिव,
बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना–23, दिनांक– 29/05/2024

विषयः भीषण गर्मी एवं लू से बचने के उपाय से संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

विगत कुछ दिनों से अप्रत्याशित भीषण गर्मी के साथ लू (Heat wave) के प्रकोप में बिहार राज्य के अधिकांश जिले हैं। कतिपय जिलों में यथा गया, औरंगाबाद, कैमूर में तापमान 46^{0}C से भी ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। यही स्थिति कमोबेश अन्य सभी जिलों की भी है।

दिनांक 29.05.2024 को आहूत आपदा प्रबंधन समूह (CMG) की बैठक में IMD (भारतीय मौसम विज्ञान विभाग) के प्रतिनिधि के द्वारा यह अनुमान बताया गया है कि ऐसी स्थिति 8 जून, 2024 तक बने रहने की संभावना है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय (कोचिंग संस्थान सहित) एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 30 मई, 2024 से 8 जून, 2024 तक शिक्षण कार्य बन्द रखा जाए ताकि भीषण गर्मी के प्रकोप से बच्चों को बचाया जा सके।

अतएव भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 929/आ0प्र0 दिनांक 04.04.2024 के माध्यम से निर्गत गाईडलाईन तथा इस संबंध में विभिन्न विभागों के द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP)/मार्गदर्शिका के अनुरूप कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

29/5/24

मुख्य सचिव,
बिहार